मुद्रित पृष्ठों की संख्या = 7

# परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय-2, अणुशक्तिनगर, मुंबई

## तृतीय आवधिक परीक्षा (**P.T.**3) – 2023-24

## कक्षा- दसवीं ( **X** )

## विषय- हिन्दी (द्वितीय भाषा )

समय- 90 मिनट| पूर्णांक: 40

---

निर्देश:- सुलेख एवं वर्तनी शुद्धि का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

<u>खण्ड- क (अपठित गद्यांश)</u>

प्रश्न:1 -निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर सही

विकल्प चुनकर दीजिए:- (1 × 3 = 3)

मन कभी खाली नहीं रहना चाहता। सही विचार न हों, तो व्यर्थ विचार चुपके से आकर व्यक्ति को बेचैन कर देते हैं। ये हमें अतीत की ओर ले जाते हैं और हमें पुरानी बातें याद करवाकर हममें यह पछतावा पैदा करते हैं कि काश! हमने वह नहीं किया होता। ये हमें भविष्य की ओर ले जाते हैं, जहाँ तरह-तरह की कल्पनाएँ, नाकामियों की आशंकाएँ, अनहोनी का डर बना रहता है। इन विचारों में नकारात्मकता होती है। ये हमें डराते हैं, हमारे अंदर अपराध-बोध, चिंता जैसे भाव पैदा करते हैं। खाली दिमाग को घेरकर ये हम पर राज करते हैं। इनमें सच्चाई नहीं होती, पर इनमें खोकर हम अपनों और अपने मित्रों से दूर होते जाते हैं। ऐसे विचारों से खुद को कैसे बचाया जाए? हमारा मन अगर इन्हीं में डूबा रहेगा, तो हम हर समय संघर्ष व गुस्से से भरे रहेंगे और बिना समझे अन्य से कड़वा बोलेंगे। एक ही उपाय है कि मन को खाली न छोड़कर सही सोच से भरे रहें।

जीवन में अच्छी-बुरी बातें होती रहती हैं। बुरी बातों के बारे में सोचकर मन को उद्विग्न करने की जगह जो कुछ अच्छा हुआ है, उसके बारे में सोचें और मन को खुश रखें। किसी की गलत बात याद आए, तो फ़ौरन उसकी किसी अच्छी बात को याद करने की कोशिश करें। जब यह विचार परेशान करे कि काश! मैंने अपने प्रियजन के साथ यह न किया होता,

तो फौरन वह बात याद करें, जो आप जानते हैं कि उन्हें खुशी देने वाली रही होगी। हर बार हमें अपने किए हुए काम या कही हुई बात को बदलने का मौका नहीं मिलता।

1- व्यर्थ विचार हमें किसकी ओर ले जाकर पछतावा पैदा करते हैं?

(क) असत्य (ख) वर्तमान

(ग) अतीत (घ) अनंत

2- कौन-से विचार हमारे अंदर डर और चिंता जैसे भाव उत्पन्न करते हैं?

(क) भावनात्मक (ख) विचारात्मक

(ग) सकारात्मक (घ) नकारात्मक

3- हमें क्या सोचकर मन को खुश रखना चाहिए?

(क) बीती बातें (ख) दूसरों की बातें

(ग) अच्छी बातें (घ) बचपन की बातें

प्रश्न:2-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए:- (1×3 = 3)

हैं जन्म लेते जगह में एक ही, एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी, एक ही सी चाँदनी है डालता।
मेह उन पर है बरसता एक सा, एक सी उन पर हवाएँ हैं बही
पर सदा ही यह दिखाता है हमें, ढंग उनके एक से होते नहीं।

छेदकर काँटा किसी की उंगलियाँ, फाड़ देता है किसी का वर वसन
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर, भँवर का है भेद देता श्याम तन।
फूल लेकर तितलियों को गोद में, भँवर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंधों और निराले ढंग से, है सदा देता कली का जी खिला।

है खटकता एक सबकी आँख में, दूसरा है सोहता सुर शीश पर,
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे, जो किसी में हो बड़प्पन की कसर|

1- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

i) सद्गुणों के कारण ही मनुष्य प्रेम का पात्र बनता है

ii) परिवेशगत समानता सदैव अव्यवस्था को जन्म देती है

iii) भौगोलिक परिस्थितियाँ प्राकृतिक भिन्नता का कारण हैं

ऊपर लिखित कथनों में से कौन-सा / कौन-से सही हैं?

(क) केवल 1 (ख) केवल III (ग) I और II (घ) II और IIi

2- इस काव्यांश से हमें क्या सीख मिलती है

(क) मनुष्य के गुण उसे प्रसिद्धि दिलाते हैं

(ख) समान परिवेश में रहते हुए मनुष्य समान आदर पाते हैं

(ग) किसी भी कुल में जन्म लेने से मनुष्य बड़ा हो सकता है

(घ) समान पालन-पोषण होने पर व्यक्तियों के स्वभाव समान होते हैं|

3- फाड़ देता है किसी का वर वसन में वसन शब्द का अर्थ है----

(क) व्यसन (ख) वस्त्र (ग) वास (घ) वासना |

## खण्ड-ख (व्याकरण-भाग)

प्रश्न:2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए:- (1 × 8 = 8)

1- `आकाश में उड़ते हुए बाज़ ने चिड़िया पकड़ी|' यह निम्नलिखित में से किस प्रकार का वाक्य है?

क) सरल वाक्य ख) संयुक्त वाक्य

ग) मिश्र वाक्य घ) इनमें से कोई नहीं|

2- निम्नलिखित में से मिश्रवाक्य चुनिए:-

क) शेर दहाड़ रहा था और उसने हिरण पर हमला किया|

ख) दहाड़ते शेर ने हिरण पर हमला कर दिया|

ग) उसने श्रम नहीं किया और परीक्षा में फेल हो गया|

घ) ज्यों ही पुलिस आई, चोर भाग गया|

3- `भगत सिंह को फाँसी दे दी गई|' वाच्य के संबध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सत्य है?

(क) कर्तृवाच्य (ख) भाववाच्य (ग) कर्मवाच्य घ) उपर्युक्त सभी

4- 'हम इतनी दूर तक नहीं चल सकते हैं।' इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए—

क) हमसे इतनी दूर तक नहीं चला जाता है।

ख) हमसे इतनी दूर तक चला जाता है।

ग) आओ दूर तक चला जाए।

घ) हमारे द्वारा इतनी दूर तक नहीं चला जा सकता है।

5- 'उषा सुनहले तीर बरसाती, जयलक्ष्मी-सी उदित हुई।' इन पंक्तियों में

कौन-सा अलंकार है:

(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष (ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण|

6- 'मंगन को देख पट देत बार-बार।' इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष (ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण|

7- 'अमन ने कल अपने <u>बगीचे में</u> आम का पेड़ लगाया|' -

रेखांकित पद का परिचय है-

क) जातिवाचकसंज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन , कर्ताकारक ।

ख) जातिवाचकसंज्ञा, स्त्रीलिंगबहुवचन, कर्ता कारक ।

ग) जातिवाचकसंज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरणकारक।

घ) जातिवाचकसंज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक

8-`आयुष <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ता है|' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय क्या है?

क) विशेषण, निश्चय वाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, `कक्षा' विशेष्य|

ख) विशेषण, संख्या वाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, `कक्षा' विशेष्य|

ग) विशेषण, परिमाण वाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, `कक्षा' विशेष्य|

घ) विशेषण, संख्या वाचक, आवृति सूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, `कक्षा' विशेष्य

## खण्ड-ग (पाठ्य पुस्तक पर आधारित)

प्रश्न:3- - निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक विकल्प चुनकर लिखिए:- (1 x 3 = 3)

आग के आविष्कार में कदाचित् पेट की ज्वाला की प्रेरणा एक कारण रही| सुई-धागे के आविष्कार से शायद शीतोष्ण से बचने तथा शरीर को सजाने की प्रवृत्ति का विशेष हाथ रहा| अब कल्पना कीजिए, उस आदमी की जिसका पेट भरा है जिसका तन ढका है, लेकिन जब वह खुले आकाश के नीचे सोया हुआ रात के जगमगाते तारों को देखता है, तो उसको नींद नहीं आती क्योंकि वह यह जानने के लिए परेशान है कि आखिर यह मोती भरा थाल है क्या?

(1) 'पेट के भूख' की प्रेरणा निम्नलिखित में से किसके आविष्कार का कारण रही होगी?

(क) सुई-धागे के (ख) आग के

(ग) तारों के (घ) उपर्युक्त सभी के|

(2) मनुष्य ने शीतोष्ण से बचने के लिए किस चीज़ का आविष्कार किया होगा?

(क) सजाने की प्रवृत्ति का (ख) गुफाओं का

(ग) सुई-धागे का (घ) आग का|

(3) उपर्युक्त गद्यांश में 'मोती भरा थाल' किसके लिए प्रयोग किया है?

(क) हीरे-जवाहरात के लिए (ख) थाली भरकर भोजन के लिए

(ग) तारों से भरपूर आकाश के लिए (घ) इनमें से कोई नहीं |

प्रश्न:4- निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक विकल्प चुनकर लिखिए:- (1 x 3 = 3)

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती

वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी

वह मुख्य गायक का छोटा भाई है

या उसका शिष्य

या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार

मुख्य गायक की गरज़ में

वह अपनी गूँज मिलाता मिलाता है आया है प्राचीन काल से

(1) मुख्य गायक का स्वर कैसा होता है?

(क) कोयल-सा मीठा (ख) चट्टान-सा भारी

(ग) रुई जैसा मुलायम (घ) तीर जैसा पैना|

(2) कवि ने संगतकार को क्या माना है?

(क) उसका शिष्य (ख) छोटा भाई

(ग) दूर का रिश्तेदार (घ) ये सभी|

(3) संगतकार की आवाज़ की विशेषता है---

(क) सुंदर (ख) काँपती

(ग) कमज़ोर (घ) ये सभी|

प्रश्न:5- निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक के लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए:- (3 x 2 = 6)

(क) मन्नू भण्डारी ने 'पड़ोस कल्चर' की बात कही है| 'पड़ोस कल्चर' की दो विशेषताएँ लिखे|

(ख) शहनाई की दुनिया में डुमराव को क्यों याद किया जाता है? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए|

(ग) बिस्मिल्ला खाँ की कौन-सी विशेषताएँ आपको सर्वाधिक प्रभावित करती हैं?

(घ) वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है?

प्रश्न:6- निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक के लगभग 25 से 30 शब्दोंमें लिखिए:- (3 x 2 = 6)

(क) निदाघ किसे कहते हैं? इससे आम जन-जीवन की क्या दशा हो जाती है?

(ख) बच्चे के मुस्कान और बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है?

(ग) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की सहायता करते हैं?

(घ) फागुन मास की प्राकृतिक शोभा का वर्णन 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए|

प्रश्न:7- निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर लिखिए:- (2x2= 4)

(क) लेखक को किस घटना से अणु बम द्वारा व्यर्थ जीव नाश का अनुभव हुआ?

(ख) एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकेने में आपकी क्या भूमिका हो सकती है?

## खण्ड-घ (रचना -भाग)

प्रश्न:8- आपके सेक्टर का पार्क बेहद खराब हालत में है| इसका सौंदर्यीकरण करवाने का अनुरोध करते हुए सचिव, विकास प्राधिकरण अ ब स नगर को 100 शब्दों का एक पत्र लिखिए| (1 x 4 = 4)

अथवा

'योग-दिवस' पर आपने एक विशाल योग-शिविर में भाग लिया था| योग के लाभ का वर्णन करते हुए अपने मित्र को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए|